Maharshi Dayanand University Rohtak
October 31 at 4:17 PM ·

रोहतक, 31 अक्टूबर। रक्तदान जीवन दान है। इस महान पुण्य कार्य को करके रक्तदाता किसी भी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। हर व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने आज विवेकानंद पुस्तकालय के पास आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए यह विचार व्यक्त किए। केन्द्रिय विश्वविद्यालय, कश्मीर के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. शाहिद रसूल बतौर विशिष्ट अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल हुए।
यूथ रेड क्रॉस, लोक प्रशासन विभाग, पं दीन दयाल उपाध्याय सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवलपमेंट तथा मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट, सांघी के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।
कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया तथा रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है और विद्यार्थी खुद भी रक्तदान करें और इस बारे समाज में भी जागरूकता की अलख जगाएं।
लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया तथा वाईआरसी प्रोग्राम कोआर्डिनेटर डा. अंजू धीमान ने इस रक्तदान शिविर का समन्वयन-संचालन किया।
इस अवसर पर प्रो. एसएस चाहर, प्रो. सोनिया मलिक, डा. राजेश कुण्डू, डा. समुन्द्र सिंह, डा. जगबीर नरवाल, डा. आशा शर्मा, डा. कविता, एमसी धीमान, जितेन्द्र नैन, स्वामी परमानंद जी महाराज, पीजीआईएमएस से डा. अजय और उनकी टीम समेत लोक प्रशासन विभाग के विद्यार्थी, वाईआरसी वालंटियर्स और अन्य विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी

WEDNESDAY, 1 NOVEMBER 2023

शिविर में 100 ने किया रक्तदान

रोहतक, 31 अक्टूबर (संजीव) : रक्तदान जीवन दान है। इस महान पुण्य कार्य को करके रक्तदाता किसी भी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। हर व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने आज विवेकानंद पुस्तकालय के पास आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए यह विचार व्यक्त किए। केन्द्रिय विश्वविद्यालय, कश्मीर के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. शाहिद रसूल बतौर विशिष्ट अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

यूथ रैडक्रॉस, लोक प्रशासन विभाग, पं दीन दयाल उपाध्याय सैंटर फॉर एक्सीलैंस फॉर रूरल डिवेलपमैंट तथा मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट, सांघी के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कुलपति ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया तथा रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौंसला बढ़ाया। उन्होंने इस अवसर पर रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित विद्यार्थियों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है और विद्यार्थी खुद भी रक्तदान करें तथा इस बारे समाज में भी जागरूकता की अलख जगाएं।

हरिभूमि
रोहतक भूमि
बुधवार, 1 नवंबर 2023

एमडीयू में 100 लोगों ने किया रक्तदान

रोहतक। मदवि में यूथ रेड क्रॉस, लोक प्रशासन विभाग, पं दीन दयाल उपाध्याय सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवलपमेंट तथा मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट, सांघी के सहयोग से रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्र किया।

DENIZEN
Levi's

I AM

NIKE AIR

"Give the Gift of Life,
Blood"